# नशे के खिलाफ मुहिम

**PROGRAMME ORGANISED BY ASSISTANT PROFESSOR MONIKA NSS PO**

राजकीय महाविद्यालय बंजार में डीएसपी बंजार चारु शर्मा जी ने सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में शिरकत की। कॉलेज प्राचार्या श्री मती नीरज कपूर ने पुष्प गुच्छ दे कर उनका स्वागत किया और उनकी उपस्थिति को विद्यार्थियो के लिए लाभप्रद बताया। डीएसपी चारु शर्मा जी ने विद्यार्थियों को जागरूक होने व जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज से नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए अहवाहन किया। ताकि इक स्वस्थ समाज की स्थापना हो। साथ ही उन्होंने महिलाओं पर होने वाली घरेलू हिंसा को रोकने के लिए सभी को आगे आने को कहा। उन्होंने महिलाओं को सशक्त होने के लिए कहा। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के महत्व बताएं। साथ ही साथ उन्होंने सभी विद्यार्थियो के प्रश्नों के उत्तर दिए। उप प्राचार्य डॉ जोगिंदर सिंह ठाकुर ने भी डीएसपी महोदया का बच्चो को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद किया साथ ही उनके साथ आई हुई सहभागिता प्रमुख दुर्गा शर्मा का भी धन्यवाद किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो मोनिका ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर घर नशा मुक्त करना तथा महिलाओं का उत्थान है। डीएसपी साहिबा की विद्यार्थियो के बीच उपस्थिति सहभागिता कार्यक्रम को बहुत आगे ले जायेगा और ये क्षेत्र नशा मुक्त और अपराध मुक्त होगा। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियो के साथ समस्त कॉलेज प्राध्यापक व ऑफिस स्टाफ उपस्थित रहा।



पंजाब केसरी
THU,07 OCTOBER 2021
EDITION: KULLU KESARI, PAGE NO. 2

बंजार: कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी, कालेज प्राध्यापक व आफिस स्टाफ। (ब्यूरो)

## नशे के खिलाफ मुहिम में जुड़े युवा

बंजार, 6 अक्तूबर(ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय बंजार में डी.एस.पी. चारु शर्मा ने सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में शिरकत की। कालेज प्राचार्य नीरज कपूर ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। चारु शर्मा ने विद्यार्थियों को जागरूक होने व जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज से नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए आह्वान किया, ताकि एक स्वस्थ समाज की स्थापना हो। उन्होंने महिलाओं पर होने वाली घरेलू हिंसा को रोकने के लिए सभी को आगे आने को कहा। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के महत्व बताएं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए।

डी.एस.पी. चारु शर्मा।

उप प्राचार्य डा. जोगिंदर सिंह ठाकुर व सहभागिता प्रमुख दुर्गा शर्मा ने भी उनका धन्यवाद किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मोनिका ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर घर नशा मुक्त करना तथा महिलाओं का उत्थान है। डी.एस.पी. की विद्यार्थियों के बीच उपस्थिति सहभागिता कार्यक्रम को बहुत आगे ले जाएगी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ समस्त कालेज प्राध्यापक व आफिस स्टाफ उपस्थित रहा।

**PROGRAMME ORGANISED BY - PROFESSOR MONIKA**
**“DRUGS AWARENESS” SPECIAL LECTURE BY DSP MS CHARU SHARMA**
**NO OF STUDENTS PARTICIPATED- 140**

**MS MONIKA**
**ASSISTANT PROFESSOR OF**
**COMMERCE DEPARTMENT**
**GDC BANJAR**

**“स्वच्छता अभियान”**

राजकीय महाविद्यालय बंजार ने सात दिवस का “स्वच्छता अभियान” कार्यक्रम जो की 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चला उसका कुशलतापूर्वक समापन किया। इसमें साफ सफाई के अलावा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाईं गई। ये कार्यक्रम पिछले 7 दिनों से चला है - जिसमे कॉलेज कैंपस का सोंद्रियकरण, आस पास के क्षेत्र कि सफाई, कूड़ा कचरा इकठ्ठा करके उसे व्यवस्थित करना, नालियों का निर्माण व गड्डे इत्यादि भरना इसमें प्रमुख है। इसमें स्वच्छता के लिए विद्यार्थियो से शपथ भी दिलवाई गई और हमेशा स्वच्छता रखने का संकल्प लिया गया। इसमें एनसीसी,एनएसएस व रोवर-रेंजर के स्वयसेवकों ने इक साथ मिलकर कार्य किया। कार्यक्रम में नारा लेखन, निबंध लेखन व पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताओं का ऑनलाइन आयोजन किया गया ताकि अधिक से अधिक संख्या मै विद्यार्थी भाग ले सके। इन प्रतियोगिताओं में नारा लेखन में प्रीति शर्मा कला स्नातक तृतीय वर्ष, चमन जोशी कला स्नातक द्वितीय वर्ष और ज्योति पलसरा तृतीय वर्ष ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में प्रीति शर्मा कला स्नातक तृतीय वर्ष, पूनम कला विज्ञान द्वितीय वर्ष और तेजेंदर कला विज्ञान तृतीय वर्ष ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ललिता कुमारी कला विज्ञान तृतीय वर्ष, निशा कला स्नातक द्वितीय वर्ष एनसीसी व कविता कला स्नातक द्वितीय वर्ष एनसीसी ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर नीरज कपूर ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई भी दी है व स्वच्छता के प्रति सजग रहने को संदेश दिया। उन्होंने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर मोनिका, एनसीसी सरंक्षक प्रोफेसर ज्योति बाला रोवर-रेंजर कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर डी सी राणा व प्रोफेसर ऋचा अहलूवालिया को कार्यक्रम को सुचारू रूप से करवाने के लिए बधाई दी। इस दौरान विद्यार्थियो ने 15 अगस्त के कार्यक्रम में भी परेड, समूह गान व समूह नृत्य इत्यादि कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

पंजाब केसरी WED, 18 AUGUST 2021
EDITION: KULLU KESARI, PAGE NO. 3
www.punjabkesari.in

## ‘नारा लेखन में प्रीति प्रथम’



बंजार : बंजार कालेज परिसर में साफ-सफाई करते विद्यार्थी। (लक्ष्मण)

### राजकीय महाविद्यालय बंजार में 7 दिवस का स्वच्छता अभियान संपन्न

बंजार, 17 अगस्त (लक्ष्मण): राजकीय महाविद्यालय बंजार ने 7 दिवस का स्वच्छता अभियान कार्यक्रम जोकि 9 से 15 अगस्त तक चला, का कुशलतापूर्वक समापन किया।

इस दौरान साफ-सफाई के अलावा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गईं। यह कार्यक्रम पिछले 7 दिनों से चला है, जिसमें कालेज कैंपस का सौंदर्यीकरण, आसपास के क्षेत्र की सफाई, कूड़ा-कचरा इकट्ठा करके उसे व्यवस्थित करना, नालियों का निर्माण व गड्ढे आदि भरना। इसमें स्वच्छता के लिए विद्यार्थियों को शपथ भी दिलवाई गई।

एन.सी.सी., एन.एस.एस. व रोवर-रेंजर के स्वयंसेवकों ने एक साथ मिलकर कार्य किया। कार्यक्रम में नारा लेखन, निबंध लेखन व पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताओं का ऑनलाइन आयोजन किया गया ताकि अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी भाग ले सकें। इन प्रतियोगिताओं में नारा लेखन में प्रीति शर्मा कला स्नातक तृतीय वर्ष, चमन जोशी कला स्नातक द्वितीय वर्ष और ज्योति पालसरा तृतीय वर्ष ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में प्रीति शर्मा कला स्नातक तृतीय वर्ष, पूनम कला विज्ञान द्वितीय वर्ष और तेजेंद्र कला विज्ञान तृतीय वर्ष ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ललिता कुमारी कला विज्ञान तृतीय वर्ष, निशा कला स्नातक द्वितीय वर्ष एन.सी.सी. व कविता कला स्नातक द्वितीय वर्ष एन.सी.सी. ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कालेज प्राचार्य प्रोफैसर नीरज कपूर ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई भी दी व स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रोफैसर मोनिका, एन.सी.सी. संरक्षक प्रोफैसर ज्योति बाला, रोवर-रेंजर कार्यक्रम अधिकारी प्रोफैसर डी.सी. राणा व प्रोफैसर ऋचा आहलूवालिया को कार्यक्रम को सुचारू रूप से करवाने के लिए बधाई दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने 15 अगस्त के कार्यक्रम में भी परेड, समूहगान व समूह नृत्य आदि कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

**DATE: 9TH TO 15TH AUGUST**
**SWACHHTA ABIYAN BY: NSS, NCC, ROVER & RANGER**
**NO OF STUDENTS PARTICIPATED: 150**

## NSS Day Celebration

राजकीय महाविद्यालय बंजार में मां सरस्वती दीप प्रज्वलन के साथ एनएसएस स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया गया। एनएसएस के स्वयंसेवियों ने बहुत ही शालीनता व व्यवस्थित तरीके से इसे मनाया। कोविड स्थिति को देखते हुए इसे बहुत सूक्ष्म तरीके से मनाया गया। एनएसएस के स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत से इसका आगाज किया व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफ़ेसर मोनिका ने सभी को एनएसएस की स्थापना व इसके उद्देश्य के बारे में अवगत करवाया।प्रो मोनिका ने वर्ष भर स्वयंसेवियों द्वारा किए गए कार्यों को बताया जिसमे उनके द्वारा हर घर पाठशाला, मास्क वितरण और कोविद-19 में जागरूकता अभियान मुख्य रहे। कॉलेज प्राचार्य प्रो नीरज कपूर ने कार्यक्रम के मुख्यअतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों के वर्ष भर के कार्यों की सराहना की व कुमारी श्यामा को जिला स्तर पर प्री. आर. डी. सी. में चयनित होने के लिए और राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में समूह गान, एकल गान व समूह नृत्य प्रस्तुति स्वयंसेवियों द्वारा दी गई।कार्यक्रम में प्रो ज्योति बाला,प्रो विकास कुमार भी मौजूद रहे।





**PROGRAMME ORGANISED BY - PROFESSOR MONIKA**
**NO OF STUDENTS PARTICIPATED- 150**



### स्वयंसेवियों को दिलाई समाज सेवा के दायित्वों की शपथ

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुल्लू और बंजार में मनाया एनएसएस का स्थापना दिवस**

**बंजार (कुल्लू)।** स्वयंसेवियों को एनएसएस के मूल सिद्धांतों से अवगत करवाया गया। शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया।

स्वयंसेवियों ने पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन आदि प्रतियोगिताओं में अपना हुनर दिखाया। एनएसएस प्रभारी डॉ. खेमचंद ठाकुर ने कहा कि एनएसएस कार्यकारी समिति को प्रधानाचार्य रोशल लाल ने समाज सेवा के प्रति दायित्वों की शपथ दिलाई। वहीं, राजकीय महाविद्यालय बंजार में भी स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मोनिका ने कहा कि स्वयंसेवियों को एनएसएस स्थापना व इसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. नीरज कपूर ने कहा कि जागरूकता और विशेष अभियानों को सफल बनाने में एनएसएस का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

**MS MONIKA**
**ASSISTANT PROFESSOR OF**
**COMMERCE DEPARTMENT**
**GDC BANJAR**

# विश्व एड्स दिवस

राजकीय महाविद्यालय बंजार में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के रेड रीबन क्लब, एनसीसी व  एनएसएस द्वारा कार्यक्रम पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं  जैसे नारा लेखन, पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रोफेसर ज्योति बाला ने विद्यार्थियों को एचआइवी एड्स के लक्षणों, बचाव के तरीकों, चिकित्सा और रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्या नीरज कपूर ने विद्यार्थियों को एचआइवी एड्स, नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहकर एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, समाज सेवा में योगदान देकर एक जिम्मेवार नागरिक बनने और उज्जवल भविष्य की ओर बढने को लेकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग में कैडेट निशा,कैडेट भुवनेश्वरी,कैडेट लीलावती प्रथम, द्वितीय व तृत्य स्थान पर रही वही भाषण प्रतियोगिता में स्वयंसेवी बबिता व स्वयंसेवी नरेश प्रथम व द्वितीय स्थान और रहे। नारा लेखन  में कैडेट दीपाली प्रथम व वीरेंद्र कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। प्रो डाबे राम, प्रो दुनीचंद राणा, प्रो मोनिका, प्रो ऋचा अहलूवालिया, प्रो विकास मुख्यरूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे।







**DATE: 1st December 2021**
**SWACHHTA ABIYAN BY: NSS, NCC, ROVER & RANGER Unit**
**Govt Degree College Banjar**
**NO OF STUDENTS PARTICIPATED: 150**

# पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर

बंजार महाविद्यालय की श्यामा करेगी जयपुर में हिमाचल का प्रतिनिधित्व।

बंजार महाविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धी राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय स्तर के पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक श्यामा दुग्गल का चयन। श्यामा दुग्गल जो की वाणिज्य विभाग अंतिम वर्ष की छात्रा है।श्यामा के चयन पर कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या ने समस्त स्टाफ व विशेष तौर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो मोनिका को बधाई दी है।उन्होंने इसे सम्पूर्ण कॉलेज के लिए गर्व का विषय बताया है। श्यामा दुग्गल अब जयपुर राजस्थान में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। इससे पहले भी प्रो मोनिका की अध्यक्षता में स्वयंसेवक हिमाचल का प्रतिनिधित्व बंजार महाविद्यालय से कर चुके है। प्रो मोनिका ने सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी है और कहा की ये गर्व का विषय है की हमारे बंजार की छात्रा का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर के लिए हुआ है। श्यामा के चयन से बाकी सभी सवायमसेवियो में उत्साह है और आशा है की वह आगे भी अच्छा प्रदर्शन करेगी।

## रवीना और श्यामा करेंगी हिमाचल का प्रतिनिधित्व

कुल्लू। राजकीय महाविद्यालय कुल्लू और बंजार की स्वयंसेवियों का चयन राष्ट्रीय प्री आरडी परेड के लिए हुआ है। कुल्लू कॉलेज की रवीना खत्री और बंजार की श्यामा दुग्गल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर राजस्थान के जयपुर में होगा। जिला की दो स्वयंसेवियों का शिविर के लिए चयनित होना गौरव की बात है। बंजार कॉलेज की एनएसएस समन्वयक प्रो. मोनिका ने कहा कि श्यामा दुग्गल और रवीना खत्री जयपुर में जाएंगी। यह कुल्लू जिले के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी 26 जनवरी को दिल्ली में होनी वाली परेड का हिस्सा बनें इसके लिए वे मेहनत कर रही हैं। -संवाद

पंजाब केसरी WED,13 OCTOBER
EDITION: KULLU KE

## नैशनल प्री. आर.डी. में एन.एस.एस. स्वयंसेवी श्यामा–रवीना का चयन

बंजार/कुल्लू, 12 अक्तूबर (ब्यूरो): राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय स्तर के पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर के लिए बंजार महाविद्यालय की स्वयंसेवी श्यामा दुग्गल और कुल्लू डिग्री कालेज की छात्रा रवीना खत्री का चयन हुआ है।





बंजार महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग अंतिम वर्ष की छात्रा श्यामा के चयन पर कार्यवाहक प्राचार्य ने स्टाफ व एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मोनिका को बधाई दी है। श्यामा दुग्गल और रवीना खत्री अब जयपुर (राजस्थान) में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। एन.एस.एस. नैशनल प्री.आर.डी. के लिए हर वर्ष हिमाचल से 10 युवक और 10 युवतियों का चयन होता है। छात्राओं ने कहा कि आगे भी यह कोशिश जारी रहेगी कि वे 26 जनवरी को होने वाली परेड का हिस्सा बन सकें।

**PROGRAMME OFFICER - PROFESSOR MONIKA**

**MS MONIKA**
**ASSISTANT PROFESSOR OF**
**COMMERCE DEPARTMENT**
**GDC BANJAR**

# राजकीय महाविद्यालय बंजार में एनएसएस के द्वारा "संविधान को जाने" कार्यक्रम के अंतर्गत "विशेषज्ञ वार्ता" का आयोजन

आज राजकीय महाविद्यालय बंजार में एनएसएस के द्वारा "संविधान को जाने" कार्यक्रम के अंतर्गत "विशेषज्ञ वार्ता" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजनीति शास्त्र के प्रो दीप कुमार जी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस प्रमुख प्रो मोनिका जी के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने कार्यक्रम में आने पर प्राचार्या नीरज कपूर जी का और थाची महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो दीप कुमार जी पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया। मुख्य वक्ता प्रो दीप कुमार जी ने भारत के संविधान पर प्रकाश डाला प्रो दीप कुमार ने पीपीटी के माध्यम से सारी जानकारी स्वयमसेवियों के मध्य सांझा की। और सभी सवासेवियो को बताया की किस प्रकार संविधान को बनाने में डॉ भीमराव जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने बताया की संविधान को बनाने में 2वर्ष 11 महीने 18 दिन का समय लगा। यह 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। यह दिन (26 नवम्बर) भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है |जबकि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतन्त्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संविधान के प्रस्तावना के अनुसार भारत एक सम्प्रुभतासम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य है इन सभी विषयों पर उन्होंने प्रकाश डाला। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो मोनिका ने कार्यक्रम के मुख्यवक्ता प्रो दीप कुमार का "संविधान को जाने" कार्यक्रम में आने व सभी स्वयमसेवियो को जागरूक करने के लिए धन्यवाद किया।प्राचार्या महोदया ने एनएसएस प्रमुख प्रो मोनिका को कार्यक्रम के लिए बधाई दी।कार्यक्रम में नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रो ज्योति बाला व प्रो विकास कुमार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## एनएसएस स्वयंसेवियों ने जाना संविधान

संवाद न्यूज एजेंसी

### राजकीय महाविद्यालय बंजार में कार्यक्रम का आयोजन

बंजार (कुल्लू)। राजकीय महाविद्यालय बंजार में एनएसएस स्वयंसेवियों ने संविधान के बारे में जानकारी हासिल की। इसको लेकर महाविद्यालय में 'संविधान को जाने' कार्यक्रम पर विशेषज्ञ वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम में राजनीति शास्त्र के प्रो. दीप कुमार मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे।

महाविद्यालय बंजार के प्राचार्य नीरज कपूर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रो. दीप कुमार ने भारत के संविधान पर प्रकाश डाला। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से सारी जानकारी स्वयंसेवियों के साथ साझा की। उन्होंने कहा कि संविधान बनाने में 2.11 साल 18 दिन का समय लगा। यह 26 नवंबर 1949 को पारित हुआ और 26 जनवरी 1950 से लागू किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मोनिका ने कहा कि स्वयंसेवियों को संविधान और इसके लाभों से अवगत करवाया गया। इसके अलावा संप्रुभता संपन्न, समाजवादी, पथ निरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य विषयों पर स्वयंसेवियों को जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। इस दौरान प्रो. ज्योति बाला, प्रो. विकास कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बंजार कालेज में 'संविधान को जाने' कार्यक्रम का आयोजन

### नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन

बंजार, 21 दिसम्बर (ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय बंजार में एन.एस.एस. द्वारा 'संविधान को जाने' कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता की भूमिका राजनीति शास्त्र के प्रो. दीप कुमार रहे ने भारत के संविधान पर प्रकाश डाला। वहीं, पी.पी.टी. के माध्यम से सारी जानकारी स्वयंसेवियों के मध्य सांझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार संविधान को बनाने में डा. भीमराव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संविधान को बनाने में 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन का समय लगा।

यह 26 नवम्बर, 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी हुआ। यह दिन 26 नवम्बर भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है, जबकि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

भारतीय संविधान के प्रस्तावना के अनुसार भारत एक समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य है इन सभी विषयों पर उन्होंने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इससे पहले एन.एस.एस. प्रमुख प्रो. मोनिका ने कार्यक्रम में आने पर प्राचार्या नीरज कपूर सहित थाची महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. दीप कुमार स्वागत किया और स्वयंसेवियों को जागरूक करने के लिए धन्यवाद किया। नीरज कपूर ने प्रो. मोनिका को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. ज्योति बाला व प्रो. विकास कुमार भी उपस्थित रहे।

**PROGRAMME OFFICER - PROFESSOR MONIKA**
**VOLUNTEER PARTICIPATION: 120**


**MS MONIKA**
**ASSISTANT PROFESSOR OF**
**COMMERCE DEPARTMENT**
**GDC BANJAR**

**महाविद्यालय बंजार की एनएसएस ईकाई के द्वारा "बालिका शिशु दिवस" कार्यक्रम मनाया गया।**

राजकीय महाविद्यालय बंजार में राष्ट्रीय बालिका शिशु दिवस के उपल्क्ष पर महाविद्यालय बंजार की एनएसएस ईकाई के द्वारा "बालिका शिशु दिवस" कार्यक्रम मनाया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर मोनिका के सहयोग से इसे ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जैसे पोस्टर बनाना,बालिका दिवस पर जागरूकता/नारा लेखन/चित्रकला व कविता लेखन। लगभग 50 स्वयंसेवीयों ने इसमें भाग लिया । सभी एनएसएस स्वयंसेवीयों ने इसमें बढचढ कर भाग लिया । युक्ता, वीरेंद्र, योगिना, ट्विंकल, भावना,पल्लवी , डिम्पी, मेघा, बबिता,योगेश्वरी, दीपक इत्यादि ने कविता,नारा लेखन, पोस्टर बनाने में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। साथ ही साथ स्वयंसेवीयों ने हिमाचल दिवस और गणतंत्र दिवस को लेकर भी नारा लेखन और कविता लेखन किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर मोनिका ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और जीतने वाले प्रतियोगियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने शिशु बालिका दिवस की सभी को बधाई दी।

## बंजार कॉलेज में मनाया बालिका दिवस

बंजार (कुल्लू)। राजकीय महाविद्यालय बंजार में ऑनलाइन राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई।

इनमें पोस्टर मेकिंग, नारी सशक्तीकरण पर जागरूकता लाना, नारा लेखन, चित्रकला और कविता मुख्य रहीं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मोनिका ने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवी युक्ता, वीरेंद्र, योगिना, ट्विंकल, भावना, पल्लवी, डिंपी, मेघा, बबिता, योगेश्वरी, दीपक आदि ने कविता, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने विचार साझा किए। -संवाद

**PROGRAMME OFFICER - PROFESSOR MONIKA**
**VOLUNTEER PARTICIPATION: 50**
**Date- 24/01/2022**

**MS MONIKA**
**ASSISTANT PROFESSOR OF**
**COMMERCE DEPARTMENT**
**GDC BANJAR**

